# सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाई

( सी एफ एन ई यू )




पोषण शिक्षा तथा घरेलू स्तर पर फल एवं सब्जियों के परिरक्षण के लिये प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

**खाद्य एवं पोषण बोर्ड**

महिला एवं बाल विकास विभाग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

भारत सरकार

नई दिल्ली

# सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाई
# ( सी एफ एन ई यू )

## पोषण शिक्षा और फल एवं सब्जियों के परिरक्षण के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

### प्रस्तावना :

खाद्य एवं पोषाहार बोर्ड की चलित खाद्य एवं पोषण विस्तार सेवा की शुरूआत दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई में चार चल विस्तार इकाइयों के साथ 1964 में हुई थी। आज देश के 29 राज्यों, संघ-राज्य क्षेत्र प्रशासनों में 43 सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयाँ चलाई जा रही हैं। इन इकाइयों के पते और टेलीफोन नं. इस फोल्डर में दिये गए हैं।

सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं इस प्रकार हैं :-

### समुदाय को पोषण शिक्षा

लोगों में कुपोषण की समस्या के उन्मूलन और पोषण का उच्चतम स्तर प्राप्त करने के लिए उन्हें पोषण शिक्षा देना ही एकमात्र दीर्घकालिक उपाय है। ये इकाइयां राज्य सरकारों के संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के सहयोग से ग्रामीण, शहरी और आदिवासी क्षेत्रों में एक महीने में लगभग 25 पोषाहार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करती हैं। खाद्य, पोषण और स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर पोषण के बारे में जानकारी और कौशल प्रदान किए जाते हैं, ताकि शिशुओं, स्कूल-पूर्व बच्चों, किशोर लड़कियों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं जैसे कमजोर वर्गों के समुदाय में उनके उपलब्ध साधनों के अनुसार, पोषण के स्तर में सुधार कर सके। शैक्षणिक पैकेज में विभिन्न प्रकार के कुपोषण, विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की पोषण की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी, स्तनपान को बढ़ावा देना, छह माह की आयु होने पर पूरक पोषण प्रदान करने, घर पर तुरन्त बनाए जा सकने वाले शिशु आहार तैयार करने जिससे कि छोटे बच्चों को बार-बार पर्याप्त आहार प्रदान किया जा सके, अतिसार के दौरान देखभाल, टीकाकरण, साफ-सफाई के महत्व और भोजन पकाने के दौरान पोषक तत्वों के संरक्षण के महत्व के बारे में बताना शामिल है। मौजूदा पोषाहार, स्वास्थ्य और कल्याण सेवाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाती है, ताकि इन सेवाओं का कारगर तरीके से उपयोग किया जा सके।

### फलों और सब्जियों के घरेलू स्तर पर परिरक्षण में प्रशिक्षण और पोषाहार

फल और सब्जियाँ विटामिनों और खनिजों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं, जिन्हें आमतौर पर सूक्ष्म पोषक कहा जाता है, जिनसे जीवन शक्ति बढ़ती है और बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। विटामिनों और खनिजों के अलावा इनमें अनेक प्रकार के एन्टी ऑक्सीडेंट पदार्थ होते हैं, जिनसे शरीर की कोशिकाओं की सुरक्षा में सहायता मिलती है, और इस प्रकार मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय-संवहनी रोग तथा यहाँ तक कि कैंसर जैसी विभिन्न बीमारियों को रोका जा सकता है। फलों तथा सब्जियों में मौजूद रेशा आहार का महत्वपूर्ण अंग है तथा आहार से सम्बन्धित चिरकालिक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।

चूँकि फल और सब्जियाँ जल्दी खराब हो जाती हैं, इसलिए जब वे भरपूर मात्रा में उपलब्ध हों, तो उन्हें परिरक्षित किए जाने की आवश्यकता होती है, ताकि जब इनका मौसम नहीं होता, उस समय भी उनका उपयोग किया जा सके।

सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयाँ प्रति प्रशिक्षणार्थी 5/- रुपए के नाममात्र शुल्क से मुख्यत: किशोर लड़कियों तथा गृहणियों को पोषण और फलों तथा सब्जियों के घरेलू स्तर पर परिरक्षण में आवश्यक कौशल प्रदान करने की दृष्टि से माह में दो सप्ताह की अवधि के दो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करते हैं, जो अत्यधिक आवश्यक सूक्ष्म-पोषक तत्वों को प्रदान करने के अलावा आय प्राप्ति के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं।

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दौरान, व्याख्यान-सह-चर्चा और फिल्म तथा स्लाइड शो के माध्यम से व्यावहारिक प्रदर्शनों के जरिए जैम, जैली, मुरब्बे, मार्मलेड, मिसरी, फलों का शरबत, स्क्वैश, चटनी, अचार, कैच-अप तथा सॉस जैसे प्रसंस्करित पदार्थों को तैयार करना तथा अनाज, दालों तथा गिरीदार फलों से तुरंत बनने वाले खाद्य मिश्रणों और स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों से बनने वाली अन्य पोषक चीजें तैयार करना सिखाया जाता है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के समापन के पश्चात् एक प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाता है।

समुदाय को उनके घरेलू उपभोग हेतु इन इकाइयों में नाममात्र की लागत पर प्रसंस्करण सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

जनजातीय लड़कियों, अ.जा./अ.ज.जा. समुदायों, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 10+2 की छात्राओं, औद्योगिक स्थापनाओं इत्यादि जैसे विशेष वर्गों के लिए भी उनके अनुरोध पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कोई भी व्यक्ति प्रशिक्षण, प्रसंस्करण सुविधाओं हेतु अथवा संगठित दल हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए इकाई से सम्पर्क कर सकता है।

## समेकित पोषण शिक्षा शिविर

महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि तथा शिक्षा विभागों के बुनियादी स्तर के लगभग 75 कार्यकर्ताओं को खाद्य, पोषाहार तथा



स्वास्थ्य के संबंध में उन्हें सामान्य जानकारी देने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर पाँच दिवसीय समेकित पोषण शिक्षा शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि वे अपनी ड्यूटी के दौरान समुदाय को यह जानकारी प्रदान कर सकें। पूर्वाह्न सत्रों में व्याख्या-सह-चर्चा, फिल्म एवं स्लाइड शो तथा प्रदर्शनियाँ शामिल होती हैं, जबकि अपराह्न सत्रों में विभिन्न प्रकार के पोषक पदार्थों को तैयार करने के लिए व्यावहारिक निदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है।

## उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ( ओरिएन्टेशन ट्रेनिंग कोर्स )

बुनियादी स्तर के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षकों/पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षणार्थ राज्य अथवा जिला स्तरीय प्रशिक्षण संस्थाओं में पाँच दिवसीय पोषण उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों के रूप में विभिन्न सम्बन्धित विभागों के पर्यवेक्षक स्तर के अधिकारियों को शामिल किया जाता है। प्रत्येक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 30 प्रतिभागी शामिल किए जाते हैं।

खाद्य, पोषण तथा स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर पर्यवेक्षकों तथा बुनियादी स्तर के कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण का उद्देश्य, सभी उपलब्ध तरीकों का उपयोग करते हुए लोगों में पोषण संबंधी जागरूकता पैदा करना है।




## जन-जागरूकता अभियान

सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयां प्रतिष्ठित प्रदर्शनियों/मेलों में भाग लेती हैं ताकि पोषण के बारे में संदेशों का आम जनता में प्रचार किया जा सके। ऐसी प्रदर्शनियों में प्रत्यक्ष निदर्शन सहित पोषण पर प्रदर्शनी आयोजित की जाती है।

विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त), राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1-7 सितम्बर), विश्व खाद्य दिवस (16 अक्तूबर), विश्व आयोडीन अभाव-विकृतियाँ दिवस (21 अक्तूबर), विश्व बाल दिवस (14 नवम्बर), अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान सम्बन्धित संगठनों तथा मीडिया के सहयोग से विशिष्ट विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

## शैक्षणिक / प्रशिक्षण सामग्री का संवितरण

सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयों द्वारा विभिन्न क्षेत्र अभिकरणों तथा सामाजिक संगठनों को पोषण के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर सन्देश भेजने के लिए पोस्टर, फोल्डर, दिशा-निर्देश, पुस्तिकाएं तथा कैलेण्डर संवितरित किए जाते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में मुद्रित शैक्षणिक/प्रशिक्षण सामग्री भी खाद्य एवं पोषण बोर्ड मुख्यालय द्वारा राज्य सरकारों, राष्ट्रीय संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों को भेजी जाती है।

## आंगनवाड़ियों में पोषण घटक का प्रबोधन

सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयां आंगनवाड़ियों में प्राप्त खाद्य पदार्थों की, आंगनवाड़ियों में इसके भण्डारण, तैयार किए गए तथा लाभार्थियों को दिए जाने वाले पूरक खाद्यों की मात्रा तथा स्वीकार्यता के संबंध में अपने क्षेत्र में चलाई जा रही आंगनवाड़ियों का निरीक्षण करती हैं। सुरक्षित पेय जल के प्रावधान तथा साफ-सफाई की हालत पर भी ध्यान दिया जाता है। समेकित बाल विकास सेवाओं में पूरक आहार की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से क्षेत्र अधिकारियों तथा राज्य सरकारों को सुधार हेतु सुझाव दिए जाते हैं।



**देश में सामुदायिक खाद्य एवं पोषण विस्तार इकाइयों के पते और टेलीफोन नम्बर नीचे दिए गए हैं :-**

| क्रम सं. | पता | टेलीफोन नं. |
|---|---|---|
| | **एफ. एन. बी. मुख्यालय** | |
| | श्रीमती शक्ति प्रभा गुप्ता | 3383823 |
| | तकनीकी सलाहकार खाद्य एवं पोषण बोर्ड | 6863063(आ) |
| | महिला एवं बाल-विकास विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय | |
| | भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110 001 | |
| | **एफ. एन. बी. के क्षेत्रीय कार्यालय** | |
| 1. | उत्तरी क्षेत्र | |
| | श्री रघुवीर सिंह | 3387778 |
| | उप तकनीकी सलाहकार, खाद्य एवं पोषण बोर्ड, महिला और विकास विभाग, | 3236004 (आ) |
| | भारत सरकार, जामनगर हाउस, नई दिल्ली-110011 | |

2. **पूर्वी क्षेत्र**

श्री धारा सिंह, उप तकनीकी सलाहकार 2489472

खाद्य एवं पोषण बोर्ड, महिला और बाल विकास विभाग, 2488159

भारत सरकार, 8, एस्प्लेनेड, ईस्ट, कोलकाता-700069

3. **दक्षिणी क्षेत्र**

डा. जय सिंह, उप तकनीकी सलाहकार, 8278202

खाद्य एवं पोषण बोर्ड, महिला और बाल विकास विभाग, 8270402

भारत सरकार, शास्त्री भवन, 26 हैदुदोज रोड, चेन्नई-600006

4. **पश्चिमी क्षेत्र**

श्री पी. कुमार, उप तकनीकी सलाहकार, 2027132

खाद्य एवं पोषण बोर्ड, महिला और बाल विकास विभाग, भारत सरकार, फैक्स : 2822021

दिनशा वाछा रोड, चर्चगेट, बम्बई-400020 4145974 (आ)

**उत्तरी क्षेत्र सी.एफ.एन.ई.यू.**

1. श्रीमती अंजु डल्ल, प्रदर्शन अधिकारी, 4106960
सी.एफ.एन.ई.यू., डी-II/183 किदवई नगर (पश्चिम), नई दिल्ली-110023

2. श्रीमती आर. ग्रेवाल, प्रदर्शन अधिकारी, 5143867
सी.एफ.एन.ई.यू., ई-34/डी, एम.आई.जी. फ्लैट्स,
मायापुरी, नई दिल्ली-110064

2(क) प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., 5016472
सी.आर.पी.एफ. कैम्प, झड़ौदा कलां, नई दिल्ली-110072

3. श्रीमती स्नेह लता जैन, प्रदर्शन अधिकारी, 3651025
सी.एफ.एन.ई.यू., 1655, टाइप IV फ्लैट्स, गुलाबी बाग, दिल्ली-110007

4. श्री एन. पी. जैन, सहायक तकनीकी सलाहकार, 703879
सी.एफ.एन.ई.यू., कम्युनिटी सैंटर बिल्डिंग, सेक्टर 23-सी, चंडीगढ़-160023

5. प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., 216, सरदारपुरा, उदयपुर-313001 26149

6. सहायक तकनीकी सलाहकार,
सी.एफ.एन.ई.यू., 80/174 और 80/175, 781117
सैक्टर-8, महर्षि दयानंद मार्ग, मानसरोवर, जयपुर-302020

7. प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., 47089
13/2 ऋषि नगर, नजदीक डाबरा चौक, हिसार-125005

8. श्री निरंजन सिंह, प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., एस-4 और 5, 915417882
ओवर मेन शापिंग सेंटर, सेक्टर एन. एच.- IV, फरीदाबाद-121001

9. प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., 470452
बी. 34/2339, जोशी नगर, हब्बोवाल कलां,
सिविल लाईंस, लुधियाना-141001

10. प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., 24206
मोहल्ला मोगवे, रामनगर, मंडी-175110, (हिमाचल प्रदेश)-

11. सहायक तकनीकी सलाहकार, सी.एफ.एन.ई.यू., 253067
सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, हिमाद्री विंग, एच-ब्लॉक,
ग्राउंड फ्लोर, बेट्स्ले, लोंगवुड, शिमला-171001 (हिमाचल प्रदेश)

12. सहायक तकनीकी सलाहकार 542883
सी.एफ.एन.ई.यू., शाप नं. 174-177,
सेंट्रल मार्केट, प्रदर्शनी ग्राउंड, जम्मू-180001

12 (क) श्री एम. एच. अहमद, कैमिस्ट 3383911
क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी, महिला और बाल विकास विभाग, एक्स : 4229
खाद्य और पोषण बोर्ड, 5वीं मंजिल,
कृषि भवन, नई दिल्ली-110001

13. श्री जी. एन. पांडे, सहायक तकनीकी सलाहकार 767079
सी.एफ.एन.ई.यू., एच. आई. जी./4520, विकास नगर,
कुर्सी रोड, लखनऊ-226020

**पश्चिमी क्षेत्र**

14. सुश्री डी. एच. शाह, प्रदर्शन अधिकारी, 4702716
सी.एफ.एन.ई.यू., 1/46-47, ग्राउंड फ्लोर,
महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड कालोनी, अभ्युदय नगर,
नजदीक कॉटन ग्रीन स्टेशन, मुंबई-400033

14 (क) श्री आर.एल. फडके, वरिष्ठ तकनीकी सहायक, 2075243
क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी, 192, किताब महल,
दूसरा तल, डी.एन. रोड, मुंबई-400012

15. श्रीमती एस. टी. रामानुजम, प्रदर्शन अधिकारी, 4267856
सी.एफ.एन.ई.यू., प्लाट नं. ई-5, मार्केट रोड, गुलटेकड़ी, पुणे-411037

16. श्रीमती गरिमा वर्मा, प्रदर्शन अधिकारी, 551673
सी.एफ.एन.ई.यू., 99, मालवीय नगर, भोपाल-462003

17. श्री जे. एच. पांचल, सहायक तकनीकी सलाहकार, 427087
सी.एफ.एन.ई.यू., 125, आनंद नगर,
रायपुर-492001

18. सहायक तकनीकी सलाहकार, सी.एफ.एन.ई.यू., 414713
1120, पहली मंजिल, हाउसिंग बोर्ड कालोनी (ओल्ड),
आल्टो बेटिम पर्वोरिम, गोवा-403521

19. सहायक तकनीकी सलाहकार, सी.एफ.एन.ई.यू., 522306
पहली मंजिल, साउथ विंग, न्यू सेक्रेटेरियट भवन,
(सामने विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम), सिविल लाइन, नागपुर-440001

20. श्री आर.एन. पंडा, प्रदर्शन अधिकारी 627966
सी.एफ.एन.ई.यू., 3, लाजपत कुंज, नेपियर टाउन,
(सामने मेथोडिस्ट सेंटर), जबलपुर-482001

21. प्रदर्शन अधिकारी, जेर फिरोज काम्प्लेक्स, 42965
पहली मंजिल, सामने मैंगो मार्केट, वलसाड़-396001

22. प्रदर्शन अधिकारी 42627
सी.एफ.एन.ई.यू., टेलरिंग स्कूल बिल्डिंग,
लाम्बा चौक, सिल्वासा-386236, दादरा और नगर हवेली

23. सहायक तकनीकी सलाहकार, 6642337
सी.एफ.एन.ई.यू., 15, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टाफ सोसायटी
पहली मंजिल, नजदीक पी. जे. कालेज, पालदी, अहमदाबाद-380007

## दक्षिणी क्षेत्र

24. श्रीमती राधा सुंदरराजन, सहायक तकनीकी सलाहकार 4916004
सी.एफ.एन.ई.यू., ए-1-ए, राजाजी भवन, बीसेंट नगर, चेन्नई-600090

24.(क) श्री वी. ईश्वरैया, कैमिस्ट, 4916432
क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी, ए-1-ए, राजाजी भवन, बीसेंट नगर, चेन्नई-600090

25. श्री पी. सुन्दर राजुलु सहायक तकनीकी सलाहकार 4658085
सी.एफ.एन.ई.यू., ब्लाक नं. 1, भूतल, केन्द्रीय सदन,
सुल्तान बाजार, हैदराबाद-500195

26. श्रीमती रीमा राधाकृष्णन्, सहायक तकनीकी सलाहकार 5536270
सी.एफ.एन.ई.यू., भूतल, ए-विंग, केन्द्रीय सदन,
100 फुट रोड, कोरमंगला, बंगलौर-560034

27. श्री जयापाल, सहायक तकनीकी सलाहकार, 530838
सी.एफ.एन.ई.यू., नं. 1, राममूर्ति रोड, मदुरई-625002

28. प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू., 555835
आंध्र यूनिवर्सिटी कैम्पस, वाल्टेयर, विशाखापट्टनम-530003

29. श्री वी. वी. नायर, सहायक तकनीकी सलाहकार, 331239
सी.एफ.एन.ई.यू., ''पीच होम'', टी. सी. नं. 26/930, पनविला जंक्शन, त्रिवेन्द्रम-695001

30. श्रीमती सी. वी. एल्सी, प्रदर्शन अधिकारी, 311261
सी.एफ.एन.ई.यू., 28/217-1, त्रिपुनित्रा रोड, मनोरमा जंक्शन एर्नाकुलम-682036

31. श्री जी. यू. राव, प्रदर्शन अधिकारी, 451662
सी.एफ.एन.ई.यू., 48-12-1, रिंग रोड, गुनाडाला, विजयवाड़ा-520005

32. श्री जी. नारायणन, प्रदर्शन अधिकारी, 420692
सी.एफ.एन.ई.यू., तीसरा तल, मणिपंडी काम्पलेक्स,
ओल्ड कैन्ट रोड, पांडेश्वर, मंगलौर-575001

33. श्री टी. आर. राजेन्द्रन, प्रदर्शन अधिकारी, 39007
सी.एफ.एन.ई.यू., नं. 30, सूर्यगांधी नगर, II क्रास,
नजदीक अम्बिका थियेटर, पांडिचेरी-605003




पूर्वी क्षेत्र

34. श्रीमती कृष्णा चक्रवर्ती, सहायक तकनीकी सलाहकार 4919982
सी.एफ.एन.ई.यू., सी/डब्ल्यू 43, चित्रकूट,
रविन्द्र नगर, कोलकाता-700016

34(क) श्री साहा, कैमिस्ट 2489472
महिला और बाल विकास विभाग, खाद्य और पोषाहार बोर्ड,
8, एस्प्लेनेड ईस्ट, कोलकाता-700069

35. श्री एम. न्यूआगन, सहायक तकनीकी सलाहकार, 545949
सी.एफ.एन.ई.यू., के.के.बी. रोड, (न्यू कालोनी), चेनीकुटी, गुवाहाटी-781018

36. डा. प्रेमी देवी, सहायक तकनीकी सलाहकार, 221523
सी.एफ.एन.ई.यू., सिंगमाटेक, इम्फाल-795001

37. डा. गुरमुख दास, हायक तकनीकी सलाहकार 225040
सी.एफ.एन.ई.यू., ''अल्दोपामा''
नजदीक सेंट एंथनी कालेज, शिलांग-793001

38. श्रीमती एस. साहा मुखर्जी, सहायक तकनीकी सलाहकार, 503302
सी.एफ.एन.ई.यू., तोशीला अपार्टमेंट्स,
ब्लाक-सी-1-3, सत्यनगर, भुवनेश्वर-751007

39. श्री टी. के. सिन्हा, प्रदर्शन अधिकारी, 234936
सी.एफ.एन.ई.यू., 3 ईस्ट बोरिंग कैनल रोड,
नजदीक न्यू सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, पटना-800001

40. डा. पी.सी.जे. रेड्डी, सहायक तकनीकी सलाहकार 503327
सी.एफ.एन.ई.यू., पवन कालोनी, हिनू चौक
(मेडिको मेडिकल स्टोर के सामने), रांची-834002

41. प्रदर्शन अधिकारी, सी.एफ.एन.ई.यू. 33554
टाइप-4, क्वार्टर जे.जी.-40
जंगलीघाट, पोर्टब्लेयर-744001

42. श्री ए. सी. बिश्वास, प्रदर्शन अधिकारी 23304
सी.एफ.एन.ई.यू., सामने हामरो गैराज,
अरिथांग रोड, गंगटोक, सिक्किम-737101

43. श्री बलबीर सिंह, सहायक तकनीकी सलाहकार, 212790
28, टाइप 3, विवेक विहार, ईटानगर-791111
अरुणाचल प्रदेश

विदप्रनि davp विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा खाद्य एवं पोषाहार बोर्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार के लिए निर्मित, मुद्रक : वृजवासी आर्ट प्रैस लि०, नई दिल्ली

संख्या - 3/1/2001-पी पी VI हिन्दी - 50,000 जुलाई - 2001